# नशे का छद्म युद्ध

आमने-सामने के युद्ध में लगातार शिकस्त मिलने के बाद पाकिस्तान भारत की नई पीढ़ी को नशे की दलदल में धकेलने के लिये किस हद तक जा सकता है, इसका खुलासा अटारी बॉर्डर पर नशे की विशाल खेप की बरामदगी से होता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब सत्ताइस हजार करोड़ कीमत वाली हेरोइन की रविवार को हुई बरामदगी ने यह हकीकत उजागर की कि कितने सुनियोजित तरीके से नई पीढ़ी के रक्त में नशा घोलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। नमक की बोरियों में छिपाकर लाए गए नशीले पदार्थों से कश्मीर के युवाओं को पथभ्रष्ट करने की साजिश बतायी जा रही थी, जिसे भारतीय कस्टम विभाग की मुस्तैदी ने नाकाम कर दिया। यह बरामदगी हाल के वर्षों में पकड़ी गई सबसे बड़ी खेपों में शुमार है। जाहिर है कि भारत को अस्थिर करने की ये साजिश वर्षों से जारी है। पंजाब के अशांत दौर में भी हथियार व नशे के कारोबार के जरिये भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ा गया था, जिसको भारत ने बड़ी कीमत चुकाकर विफल बनाया था। उसके बाद बार-बार मुंह की खाने के बाद पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठानों की शह पर चलाये जा रहे षड्यंत्रों की रणनीतियां जरूर बदलती रहीं, मगर मकसद नहीं बदला। बहरहाल, अटारी बॉर्डर पर पकड़ी गई नशे की बड़ी खेप से यह तो साफ हो गया है कि सीमापारीय व्यापार की आड़ में पाक एजेंसियां लंबे अरसे से नशे के कारोबार को शह दे रही हैं। पाक कस्टम विभाग व पुलिस की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा षड्यंत्र संभव नहीं था। जाहिरा तौर पर इसे अघोषित युद्ध के तौर पर देखा जाना चाहिए। प्राचीन काल में भी विद्रोह भड़काने व युवाओं को सत्ता के विरुद्ध संघर्ष के लिये उकसाने के लिये नशे के इस्तेमाल की कोशिश होती रही है। यही हथियार पाक कश्मीरी युवाओं को भारत के खिलाफ भड़काने के लिये कर रहा है।

गत 25 जून 2019 को लोकसभा को बताया गया कि वर्ष 2017 में देश में नशीले पदार्थों की तस्करी के 47377 मामले सामने आये हैं, जिनमें साढ़े बारह हजार मामलों के साथ पंजाब सबसे आगे था। उसके बाद केरल व उत्तर प्रदेश का नंबर आता है। संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से चलने वाली संस्था अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (आईएनसीबी) की बीते वर्ष की रिपोर्ट दर्शाती है कि आज भारत ड्रग्स के अवैध कारोबार का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। जिसका मुख्य स्रोत अफगानिस्तान से चलकर पाकिस्तान के रास्ते आने वाली नशे की खेप ही है। जहां अफगानिस्तान में युद्धरत लड़ाकों को हथियार खरीदने के लिये नशे की बिक्री से पैसा मिलता हैं, वहीं पाक इसमें बिचौलिये की भूमिका निभा रहा है। दरअसल, पाक सत्ता प्रतिष्ठानों, खुफिया एजेंसियों और भ्रष्ट तंत्र व तस्करों ने मिलकर तस्करी का एक ऐसा तंत्र विकसित कर लिया है, जिसे भेद पाना आसान नहीं है। उनकी रणनीति और तस्करी के तौर तरीके लगातार बदलते रहते हैं।?पहले यह काम सीमावर्ती इलाकों के किसानों को लालच देकर कराया जाता था। इसमें सीमा सुरक्षा बलों व पुलिस की चंद काली भेड़ों की भागीदारी ने हालात चिंताजनक बना दिये हैं। हालिया घटना में पूर्व कस्टम कर्मी के बेटे की भूमिका संदिग्ध बतायी जा रही है। सवाल चंद राजनेताओं व पुलिस अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका को लेकर भी उठते रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि यह तस्करी नेपाल, बांग्लादेश सीमा से भी हो रही है। परेशान करने वाली बात यह है कि नशे का यह कारोबार हरियाणा के युवाओं को भी अपनी गिरफ्त में लेने लगा है। हाल में आई पीजीआई रोहतक की एक रिपोर्ट में स्कूली छात्रों के नशे की दलदल में उतरने की खबरें सत्ताधीशों की गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। पाक की साजिश के खिलाफ केंद्र व राज्य को युद्धस्तर पर कदम उठाने होंगे, वहीं समाज को भी नशे के खिलाफ उठ खड़ा होना होगा।

## अमेरिका में कच्चे तेल का भंडार घटने से ब्रेंट क्रूड 1 फीसदी उछला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कच्चे तेल में लगातार तीन दिनों की मंदी के बाद बुधवार को फिर तेजी लौटी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूडके भाव में एक फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। हालांकि भारतीय वायदा बाजार में कच्चे तेल के वायदा सौदों में एक फीसदी से ज्यादा की नरमी बनी रही। ऊर्जा विशेषज्ञ बताते हैं कि अमेरिका में कच्चे तेल का भंडार घटने और तेल निर्यातक देशों का समूह ओपेक व गैर-ओपेक देशों के बीच तेल के उत्पादन में कटौती जारी रखने को लेकर बनी सहमति से कीमतों में तेजी का रुख देखा जा रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर रात करीब नौ बजे कच्चे तेल के जुलाई अनुबंध में 55 रुपये यानी 1.39 फीसदी की कमजोरी के साथ 3,892 रुपये प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था।

अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार इंटरकांटिनेंटल एक्सचेंज (आईसीई) पर ब्रेंट क्रूडके सितंबर डिलीवरी वायदा अनुबंध में 1.01 फीसदी की तेजी के साथ 63.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था। इससे पहले भाव 63.45 डॉलर प्रति बैरल तक उछला। वहीं, अमेरिकी लाइट क्रूडवेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट



(डब्ल्यूटीआई) का अगस्त अनुबंध 0.30 फीसदी की तेजी के साथ 56.42 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ था जबकि इससे पहले भाव 57.12 डॉलर प्रति बैरल तक उछला। अमेरिकी एजेंसी इनर्जी इन्फोरमेशन एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह अमेरिका में कच्चे तेल के भंडार में 10.9 लाख बैरल की कमी आई। इससे पहले मंगलवार को ओपेक और गर-ओपेक देशों के बीच बनी सहमति के अनुसार, वे कच्चे तेल के उत्पादन में जारी रोजाना 12 लाख बैरल की कटौती अगले साल मार्च तक जारी रखेंगे। एंजेल ब्रोकिंग के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (इनर्जी व करेंसी) अनुज गुप्ता ने कहा कि कच्चे तेल के दाम में फिलहाल सारे तेजी के फैक्टर होने के बावजूद ज्यादा तेजी की संभावना नहीं है क्योंकि ट्रेड वार चलते तेल की खपत कमजोर रहने की आशंका बनी हुई है।

## जाने-माने उद्योगपति बी के बिड़ला का निधन



**मुंबई (आरएनएस)।** जाने - माने उद्योगपति और कुमार मंगलम बिड़ला के दादा बंसत कुमार बिड़ला (बी . के बिड़ला) का मुंबई में बुधवार को निधन हो गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। बिड़ला 98 वर्ष के थे। बिड़ला सेंचुरी टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन थे और 15 वर्ष की आयु से कारोबार में सक्रिय थे। सूत्रों ने कहा कि उन्होंने कई कारोबारी पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने अपने काम की शुरुआत केसोराम इंडस्ट्रीज के चेयरमैन के रूप में की थी। ऑनलाइन मौजूद एक प्रोफाइल के मुताबिक , बिड़ला ने विशेष रूप से कपास , विस्कोस , पॉलिस्टर और नायलॉन धागा , कागज , शिपिंग , पारदर्शी कागज , सीमेंट , चाय , कॉफी , इलायची , रसायन , प्लाईवुड जैसे क्षेत्रों में अवसरों का फायदा उठाया।

## बीएसएनएल को पैकेज देने विचार कर रही सरकार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सरकार भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की आर्थिक स्थिति को सुदृढ करने को लेकर एक पैकेज देने पर विचार कर रही है। संचार मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आज राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि बीएसएनएल सार्वजनिक क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण उपक्रम है जिसमें एक लाख 55 हजार से अधिक कर्मचारी हैं। इसकी स्थिति में सुधार के प्रयास किये जा रहे हैं।




उन्होंने कहा कि इसके कर्मचारी और अधिकारी पेशेवर रवैया अपनाये और सरकार को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि संचार के क्षेत्र में नयी नयी कम्पनियां नवीनतम प्रौद्योगिकी के साथ आ रही है जो काफी सस्ती सेवाएं दे रही है। बीएसएनएल फोरजी सेवाओं के विस्तार पर काम कर रही है।

प्रसाद ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार की नीतियों के कारण नोएडा में 93 मोबाइल फोन निर्माण कारखाने स्थापित हो गये हैं और भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता बन गया है। अब इसके निर्यात पर ध्यान दिया जा रहा है । इस क्षेत्र में करीब छह लाख लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के नोएडा से मेरठ तक इलेक्ट्रानिक केन्द्र बनने की क्षमता है।

## पेपाल कंपनी की विश्वसनीयता पर आरबीआई से मांगा जवाब

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पेपाल कंपनी के देश में अवैध संचालन संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को आरबीआई (भारतीय रिजर्व बैंक) ईडी (प्रवर्तन निदेशलय) और पेपाल कंपनी से जवाब दाखिल करने को कहा है। याचिका में कहा गया है कि कंपनी देश में अवैध रूप से चल रही है।

मुख्य न्यायधीश डी. एन. पटेल व न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर की खंडपीठ ने आरबीआई, ईडी और पेपाल को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर तय की है। अदालत अभि मिश्रा द्वारा अपने वकील के माध्यम से दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी।




याचिकाकर्ता ने कहा कि पेमेंट एंड सेटलमेंट एक्ट 2007 के तहत भारत में भुगतान और संचालन करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिकृत पेमेंट सिस्टम ऑपरेटर की सूची के मुताबिक पेपाल पेमेंट्स प्रा. लि. सूचीबद्ध नहीं है। मिश्रा ने यह भी दावा किया कि पेपाल पेमेंट्स प्रा. लि. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम का उल्लंघन करते हुए एक विदेशी मुद्रा डीलर के रूप में काम कर रहा है।

## वर्ल्डकप के बाद क्रिकेट से संन्यास लेंगे महेन्द्र सिंह धोनी!

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी वर्ल्डके बाद क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। सूत्रों ने बीसीसीआई के एक अधिकारी के हवाले से दावा किया है कि महेंद्र सिंह धोनी वर्ल्डकप में ही अपना आखिरी मैच खेलेंगे और इसके बाद रिटायरमेंट ले लेंगे। बता दें कि वर्ल्डकप में महेंद्र सिंह धोनी की धीमी पारी की लगातार क्रिकेट एक्सपर्ट और फैंस आलोचना कर रहे हैं। खास तौर पर वर्ल्डकप में धोनी की धीमी पारी कई बार टीम इंडिया के लिए भी




भारी पड़ रही है।

अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गई 52 गेंदों में 28 रन की पारी की काफी आलोचना हुई। उनकी इस पारी से न सिर्फ फैंस बल्कि सचिन तेंदुलकर भी काफी निराश हुए। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम ओवरों में बड़े शॉट्स नहीं लगाने के कारण धोनी की काफी आलोचना हुई। वर्ल्डकप में लगातार स्पिनर्स के सामने धोनी को संघर्ष करना पड़ रहा है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में भी धोनी अपने सहज अंदाज में नजर नहीं आए।

धीमी पारी के साथ ही पिछले एक साल से धोनी की बेहतरीन मैच फिनिशर वाली छवि भी धूमिल होने लगी है। वर्ल्डकप में चुने जाने से पहले से ही ऐसी अटकलें लग रही थीं कि धोनी क्रिकेट के इस सबसे बड़े टूर्नमेंट के बाद रिटायर हो जाएंगे।

## सरकार एयर इंडिया के विनिवेश के लिये प्रतिबद्ध

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया का विनिवेश करने के लिये प्रतिबद्ध है। विनिवेश से पहले एयर इंडिया को संचालन की दृष्टि से बेहतर बनाया जा रहा है। पुरी ने बुधवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जवाब में बताया कि इन प्रयासों के फलस्वरूप एयर इंडिया वित्तीय रूप से मजबूत हुयी है और चालू वित्त वर्ष में यह लाभ अर्जित करेगी। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया मौजूदा दौर में प्रतिदिन 15 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित कर रही है और साल के अंत तक कंपनी लाभ की स्थिति में आ जायेगी। उन्होंने कहा, ''हमारी योजना एयर इंडिया को फिर से मजबूत कर इसका विनिवेश करना है। सरकार एयर इंडिया के निजीकरण के लिये प्रतिबद्ध है। इसमें कोई संदेह नहीं है।'' पुरी ने स्वीकार किया कि एयर इंडिया का कुल घाटा 59 हजार करोड़ रुपये है। इसमें निजीकरण की कोशिश के तहत विशेष कोष के जरिये 29 हजार करोड़ रुपये की पूर्ति की जायेगी।

## विश्व कप : न्यूजीलैंड को हरा इंग्लैंड ने 27 साल बाद रखा सेमीफाइनल में कदम

**चेस्टर ली स्ट्रीट (आरएनएस)।** लगातार दो मैचों में हार के बाद सेमीफाइनल में जाने के लिए संघर्ष करने वाली मेजबान इंग्लैंड ने मंगलवार को न्यूजीलैंड को 119 रनों से हरा आईसीसी विश्व कप-2019 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। इंग्लैंड ने 1992 के बाद से पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। न्यूजीलैंड के ऊपर इस जीत ने इंग्लैंड के 27 साल के विश्व कप इतिहास को बदला है। वह इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई है। मौजूदा विजेता आस्ट्रेलिया और भारत पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। न्यूजीलैंड के पास अभी भी सेमीफाइनल में जाने का मौका है लेकिन इसके लिए उसे पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाले मैच में पाकिस्तान की हार की दुआ करनी होगी और अगर पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचना भी है तो उसे बांग्लादेश को विशाल अंतर से हराना होगा तभी वह कीवी टीम को पीछे छोड़ अंतिम-4 में पहुंचेगी। बहरहाल, पहले बल्लेबाजी करने वाली इंग्लैंड मैन ऑफ द मैच जॉनी बेयरस्टो (106) और जेसन रॉय (60) द्वारा दी गई शतकीय शुरुआत के बाद 350 के आस-पास पहुंचती दिख रही थी लेकिन कीवी गेंदबाजों ने मध्य के ओवरों में वापसी की और लगातार विकेट ले मेजबान टीम को 50 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 305 रनों से आगे नहीं जाने दिया। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज इस लक्ष्य को हासिल करने में विफल रहे और 45 ओवरों में 186 रनों पर ढेर हो गए।



कीवी टीम के लिए सबसे ज्यादा 57 रन टॉम लाथम ने बनाए। उनके अलावा कोई और बल्लेबाज अच्छे से इंग्लिश गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाया। लाथम ने 65 गेंदों का सामना कर पांच चौके लगाए। क्रिस वोक्स ने पहले ही ओवर की पांचवीं गेंद पर हेनरी निकोलस (0) को दो के कुल स्कोर पर आउट कर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। यहां से टीम लगातार विकेट खोती रही और कोई भी बड़ी साझेदारी करने में कामयाब नहीं रही।

## आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन मिश्रित फलकारक है। बड़े अधिकारी से अनबन नुकसान दायक रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण बनाए रखें।

वृषभः- आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी का कोप भाजन बनना पड़ सकता है।

मिथुनः- आज दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे।

कर्कः- आज आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहें।

सिंहः- आज शत्रुजनित षड्यंत्र, लोकपवाद से बचने का प्रयास करें। अनावश्यक दुश्चिन्ताओं से मन क्षुब्ध रहेगा। नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत से मिलेगी।

कन्याः- आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

तुलाः- आज आपकी पद, अधिकार की महत्वाकांक्षा अन्तर्विरोध को जन्म देगी। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशान्ति रहेगी।

वृश्चिकः- आज का दिन कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में व्यतीत होगा। अधिकारीवर्ग से अच्छी साठ-गांठ बनेगी। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी।

धनुः- किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत रूका धन आश्चर्यजनक रूप से प्राप्त हो जाएगा।इससे आज आपका विश्वास धर्म एवं आध्यात्म में बढ़ेगा।

मकरः- आज कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा।

कुंभः- आज गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध की वृद्धि अस्थिरता को जन्म देगी। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है। सांसारिक सुख भोग व घर गृहस्थी के उपयोग की प्रिय वस्तु खरीदी जा सकती है।

मीनः- आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति दशम भाग्य भाव में धनु राशि का होकर तथा चंद्रमा अपनी ही राशि कर्क पर विराजमान है। अतः- आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने में व्यतीत होगा।

## स्टफड मशरूम बनाने की विधि...

### सामग्री :

बटन मशरूम- 16, ऑयल- 2 बड़े टीस्पून, प्याज- 1 छोटा (कटा), लहसुन- 7-8 कलियां (कटी), नमक- स्वादानुसार, चीज- 1/2 कप (कद्दूकस), काली मिर्च पाउडर- 1/2 टीस्पून, रेड चिली सॉस- डेढ़ बड़े टीस्पून, ऑलिव ऑयल- स्वादानुसार

### विधि :

ओवन को 200 डिग्री सेंटिग्रेड पर प्रीहीट कर लें।

मशरूम के डंठल निकाल दें और चाकू की हेल्प से मशरूम के कैप में फिलिंग के लिए जगह बना लें। मशरूम के डंठल को बारीक काट लें।

एक नॉन स्टिक पैन में तेल गरम करें। जब तेल गर्म हो जाए, तब उसमें प्याज और लहसुन डालकर 2 मिनट तक भून लें। फिर इसमें



मशरूम के डंठल और नमक डालकर 2 मिनट तक भून लें। फिर बेकिंग ट्रे पर सिलिकॉन शीट रखें। एक बाउल में चीज, भूना हुआ मिक्सचर, काली मिर्च पाउडर और रेड चिली सॉस डालकर मिक्स करें। फिर इस मिक्सचर को मशरूम में भर दें और सिलिकॉन शीट पर रखें।

चाहें तो भरने के पहले मशरूम के अंदर कुछ ऑलिव ऑयल की बूंदे और नमक छिड़क दें।मिक्सचर भरने के बाद फिर से थोड़ा ऑलिव ऑयल ऊपर से छिड़क दें। फिलिंग के लिए मन पंसद सब्जियों का भी यूज कर सकते हैं।

फिर इसे 10-12 मिनट तक बेक कर लें और गरमागरम सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 15

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।




### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 14 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू-दोकू- 15

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.14 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |